**भारत सरकार**
**संचार मंत्रालय**
**दूरसंचार विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 3231**
**उत्तर देने की तारीख 23 मार्च, 2022**

**जनजातीय क्षेत्रों में संचार के माध्यम**

**3231. श्री ज्ञानेश्वर पाटिल:**

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) जनजातीय क्षेत्रों में सूचना और संचार के माध्यमों में वृद्धि करने संबंधी सरकारी योजना का ब्यौरा क्या है ताकि लोगों को विभिन्न कल्याण नीतियों के बारे जानकारी मिल सके;
(ख) क्या जनजातीय क्षेत्रों में डिजिटल संचार में पब्लिक पार्टिसिपेशन में वृद्धि करने संबंधी सरकारी नीति क्या है; और
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो सरकार इस क्षेत्र में पब्लिक पार्टिसिपेशन किस प्रकार सुनिश्चित करेगी?

**उत्तर**
**संचार राज्य मंत्री**
**(श्री देवुसिंह चौहान)**

(क) से (ग): भारत सरकार पूर्वोत्तर क्षेत्र (एनईआर) तथा वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) से प्रभावित क्षेत्रों, सीमावर्ती क्षेत्रों, आकांक्षी जिलों तथा द्वीपसमूह सहित देश के ग्रामीण तथा जनजातीय बहुल इलाकों में दूरसंचार कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए सार्वभौमिक सेवा दायित्व निधि (यूएसओएफ) के तहत विभिन्न स्कीमें कार्यान्वित कर रही है। इसके अतिरिक्त भारतनेट के कार्यक्षेत्र को हाल ही में देश की ग्राम पंचायतों से आगे बढ़ाकर सभी बसे गांवों तक कर दिया गया है। भारतनेट परियोजना के तहत सृजित अवसंरचना का उपयोग वाई-फाई, एफटीटीएच जैसी इंटरनेट सेवाएं प्रदान करने हेतु ग्राम स्तरीय उद्यमियों द्वारा भी किया जा सकता है। उपर्युक्त दूरसंचार अवसंरचना की व्यवस्था से डिजिटल संचार में आम जनता की भागीदारी और अधिक बढ़ने की संभावना है।

*******